तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]



11 सरपंच ने सांसद रूपकुमारी चौधरी से की...





12 द क्यूरियस फेस्टिविटी में दिखा नन्हे वैज्ञानिकों ...









**निरीक्षण : अधीक्षक की लापरवाही, मीनू ताक पर, बच्चों के हक के राशन में भारी बंदरबांट**

# भाठीगढ़ आश्रम में बच्चों के निवाले पर डाका, जर्जर शौचालय और कड़ाके की ठंड में कांप रहे मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सरकार द्वारा गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में ग्रामीण आदिवासी बच्चों को अच्छे वातावरण में बेहतर शिक्षा के लिए लाखो करोड़ो रूपये किया जा रहा है लेकिन आश्रमों के संचालन के लिए भेजी जा रही राशि और बच्चों के निवालों पर अधीक्षक व संबधित विभाग के अफसरों द्वारा डांका डाला जा रहा है, यह बाते बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहीं। मैनपुर क्षेत्र के आश्रम छात्रवासों में विभिन्न प्रकार की समस्या को लेकर बच्चों के पालको द्वारा विधायक जनक ध्रुव को अवगत कराने के बाद रविवार सुबह 09 बजे ही विधायक जनक ध्रुव मैनपुर से 03 किलोमीटर दूर भाठीगढ़ स्थित आदिवासी बालक आश्रम का निरीक्षण करने पहुंचे इस आश्रम में 100 से ज्यादा बच्चे का नाम रजिस्टर में दर्ज है। विधायक जनक ध्रुव ने अचानक आश्रम में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात किया तो आदिवासी बच्चों ने बताया कि 30-35 किलोमीटर दूर से घर को छोड़कर यहा पढ़ाई करने आए हुए है, उन्हे मीनु के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता। इस पर विधायक ने स्वंय निरीक्षण करने मेस पहुंचे तो मीनु के अनुसार आज सुबह पुरी, आलू, रस वाली सब्जी, खीर एवं सलाद देना था लेकिन सुबह 10 बजे तक बच्चों को भोजन नहीं मिला था और सिर्फ चावल और मटर आलू की सब्जी बना था। मटर आलू की सब्जी एकदम गुणवत्ताहीन था जिसे विधायक ने स्वंय देखा और जमकर नराजगी जताई।





### आश्रम के छोटे -छोटे बच्चे चादर व कंबल स्वयं धोते हैं रात को लगती है ठंड



विधायक के आश्रम निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस एक मात्र आश्रम के लिए 14-15 चौकीदार एवं भृत्य कर्मचारी तैनात किया गया है बावजूद इसके यहां के छोटे- छोटे आदिवासी बच्चे चादर, कम्बल अपने हाथों से धोते है और तो और गद्दा एवं कमरों में सफाई की अभाव है, बच्चों ने विधायक को बताया कि एक पलंग में 02–02 बच्चें सोने को मजबूर हो रहे है और उन्हे ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त चादर और कम्बल भी नहीं मिला है जिसके कारण रात को बच्चों को ठंड लगता है क्योंकि यह आश्रम जंगल और पहाड़ से लगा हुआ है बच्चों ने बताया कि आश्रम अधीक्षक आश्रम में रहते नहीं। जिस पर विधायक ने कड़ी नराजगी जताते हुए कहा कि जब इतने बड़ी संख्या में कर्मचारी यहा तैनात है तो छोटे छोटे बच्चों से चादर, कम्बल नहीं धुलवाना चाहिए आश्रम भवन का भी हालत जर्जर हो रही है, सबसे बड़ी परेशानी आश्रम में शौचालय और मुत्रलय की साफ सफाई नही होने से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है साथ ही अधिकांश शौचालय के दरवाजे टूट गये है, इसकी मरम्मत भी नहीं किया गया है।

### सीएम साय व मंत्री से करेंगे शिकायत

विधायक जनक ध्रुव ने गभींर आरोप लगाते हुए कहा कि तत्काल आश्रम अधीक्षक पर कार्यवाही किया जाए। विधायक जनक ध्रुव ने आश्रम का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्र के गरीब ग्रामीण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए आश्रम में पढाई करने भेजते है लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि आज आश्रम का निरीक्षण करने से पता चला कि यहां अधीक्षक नहीं रहते और आदिवासी बच्चों को मीनु के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है, दालनुमा पानी दिया जा रहा है ऐसे में बच्चों को कैसे पोशण मिलेगा संबधित विभाग के अफसर और कर्मचारी बच्चों के निवालों पर डाका डाल रहे है, अफसर कभी निरीक्षण करते ही नहीं मैनपुर के नजदीक आदिवासी आश्रम में जब यह स्थिति है तो दूरस्थ वनांचल का क्या हाल होगा। तत्काल इस पर कार्यवाही जिला प्रशासन को करना चाहिए। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि इस मामले की शिकायत स्वयं मुख्यमंत्री एवं संबधित मंत्री से करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिजली की मांग को लेकर 12 को चक्काजाम की चेतावनी




**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव ईलाके में बिजली लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया था एक महीना पूर्व कलेक्टर गरियाबंद को विद्युत विहीन गांवो में विद्युतीकरण के लिए सार्थक पहल करने एवं नहीं होने के दशा में 12 जनवरी दिन सोमवार को राजापड़ाव के समीप एनएच 130 सी सड़क जाम करने की ज्ञापन क्षेत्र के जय अंबेडकरवादी युवा संगठन, सर्व जन प्रतिनिधि एवं समस्या ग्रस्त राजापड़ाव क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा दिया गया था। करार मुताबिक चक्का जाम में शामिल होने के लिए राजापड़ाव क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टरों में पहुंचने लगे हैं। वहीं गांव वार रात्रि में भोजन व्यवस्था करते हुए कल के तैयारी को लेकर रात्रि में प्रतिनिधि मंडल एवं ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन भी होगा। कल 12 जनवरी को राजापड़ाव के पास नेशनल हाईवे में चक्काजाम के लिए एक दिन पूर्व से ही बडी संख्या में ग्रामीण आज शाम को ही पहुंचने लगे हैं।

### बेलर में मड़ई मेला कल

**छुईहा बेलर।** समस्त ग्रामवासी बेलर के तत्वाधान में 13 जनवरी को वार्षिक उत्सव का क्षेत्र का सबसे बड़ा मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की सफल संचालन में ग्राम विकास समिति बेलर का विशेष सहयोग है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू, उपाध्यक्ष भागवत सिन्हा कोषाध्यक्ष पिताम्बर यादव, सचीव करण दास, सरपंच सुमन लेख रात्रे, मलेशु ध्रुव, विष्णु साहू, तुलाराम साहू ने कहा की इस अवसर पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कका भतिजा रंजित चक्रधारी (अध्यक्ष प्रदेश नाचा पार्टी) का कार्यक्रम रखा गया है। इससे पहले प्रातः काल में ग्राम के इष्टदेव की और कंदाईल मंड़ई का की पूजा की जायेगी। वहीं 12 बजे से पारम्परिक बाजा द्वारा रावत कांछन, मड़ाई बैरक का शौर्य प्रदर्शन होगा। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, भाजपा महामंत्री आशिष शर्मा, चन्द्रशेखर साहू वरिष्ठ नेता शामिल होगें। आयोजन समिति बेलर पदाधिकारी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों को उपस्थित होने की अपील की है।

### जामगांव में मड़ई मेला आज

**जामगांव।** समस्त ग्रामवासी जामगांव के तत्वाधान में 12 जनवरी को वार्षिक उत्सव का भव्य मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की सफल संचालन में ग्राम विकास समिति जामगांव का विशेष सहयोग है। लीलाराम सिन्हा ग्राम सचिव ने कहा इस अवसर पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी भुईयां के श्रृंगार होच्चेटोला जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों को उपस्थित होने की अपील की है।

# डिगेश्वर साहू पुनः व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोनीत, कोमल बने सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर साहू संघ परिक्षेत्र नवापारा में सामाजिक एकजुटता और व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू की अनुशंसा पर डिगेश्वर साहू को सर्वसम्मति से पुनः व्यापार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष और कोमल साहू को सचिव नियुक्त किया गया है। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को किसान गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष डिगेश्वर साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ पर दोबारा विश्वास जताया गया है मेरा लक्ष्य नवापारा के व्यापारी भाइयों के हितों की रक्षा करना और समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देना है। सचिव कोमल साहू ने समाज के व्यापारियों को संगठित करने और सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया। सम्मान समारोह के दौरान युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, सचिव प्रतीक साहू, पार्षद बलराम यादव, युवा नेता भूपेंद्र यादव, विष्णु साहू, प्रकाश कुलदीप, नारायण आडिल, और जगन्नाथ पटेल मौजूद थे। नई जिम्मेदारी के लिए परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, महिला उपाध्यक्ष धनमती साहू, संगठन सचिव ठाकुर राम साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष रज्जु साहू और संरक्षक रविशंकर साहू, वरिष्ठ समाज सेवी राजू तेली ने इन्हें बधाई दी हैं।

# कोलियारी में श्रीमद् भागवत कथा की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम कोलियारी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जो 9 दिवस तक चलेगा। कथाकार पंडित योगेश्वरानंद महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए माखन चोर लीला, रास लीला, रूख्मणी विवाह तथा गोवर्धन पूजा प्रसंग को बताया। कथा सुनने बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, श्रद्धालुजन उपस्थित हो रहे है।

### भेण्डरी में श्रीमद् भागवत कथा का समापन, उमड़ा जनसैलाब



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के हनुमान मंदिर परिसर में बाईट फ्यूचर एकेडमी के तत्वावधान में गौ संवर्धन के लिए श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया। कथा समापन गीता पाठ के साथ हुआ। समापन अवसर पर प्रवीण पाण्डेय, निलेश साहू, विष्णु साहू, चमरू साहू, बाबू देवांगन, दूलेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, नीलकंठ सिन्हा, ज्ञानचंद माणसमणी देवांगन, चुनूं राम साहू गोवर्धन साहू, अमृत साहू, खिलेश्वर पटेल, यादराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

**उपचार से 50 फीसदी लोगों के घुटने का दर्द ठीक हुआ**

# अर्धनारीश्वर न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर में 300 लोग हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित अर्धनारीश्वर न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर में दूसरे दिवस 150 लोगों ने लाभ लिया। यह शिविर करगा के डॉक्टर प्रमोद गंजीर के मार्गदर्शन में आयोजित था। संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि इस उपचार से 50 फीसदी लोगों के घुटने का दर्द ठीक हुआ। शिविर में आरोग्य पीठ दिल्ली के संथापक डॉक्टर रामगोपाल दीक्षित जो राष्ट्रपति कार्यालय के पूर्व सलाहकार थे विशेष रूप से पहुंचे थे। ऐसा शिविर छत्तीसगढ़ के नवापारा शहर में पहली बार लगाया गया। जिसमें विभिन्न जिलों से आए तीन सौ से अधिक लोगो ने दो दिनों में अर्धनारीश्वर चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से सिरदर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, घुटना दर्द, तनाव, अनिद्रा, कमर दर्द सहित कई पुरानी और जटिल समस्याओं से राहत पाई।

**अर्धनारीश्वर चिकित्सा एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और प्राकृतिक न्यूरोपैथी विधि : डॉ. दीक्षित-** शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. रामगोपाल दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में अत्यधिक दवाओं पर निर्भरता मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। अर्धनारीश्वर चिकित्सा एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और प्राकृतिक न्यूरोपैथी विधि है जो शरीर की नसों, मांसपेशियों और मस्तिष्क के बीच संतुलन स्थापित करके रोगों की जड़ पर काम करती है। कहा कि यह उपचार बिना दवा और सर्जरी के प्रभावी परिणाम देने में सक्षम है। शिविर में देश भर से आए प्रशिक्षुओं को अर्धनारीश्वर चिकित्सा और वेलनेस न्यूरोपैथी के बारे में तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी देते हुए उपचार और प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। अनुभवी हेल्थ बैक थेरेपिस्टों ने लाइव प्रदर्शन के माध्यम से उपचार प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। ट्रेनिंग में 52 स्टूडेंट्स को अर्धनारीश्वर चिकित्सा का प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र दिया गया। बता दें कि समाज के प्रतिष्ठित लोग, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग एवं स्वास्थ्य के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# राजिम कुंभ कल्प मेला पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन 1 से 15 फरवरी तक आयोजित होना प्रस्तावित है। जिसके संबंध में पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से आयोजित करने को लेकर मेला आयोजक समिति, जिला प्रशासन एवं इच्छुक निविदकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। जिसमें कुल 11 निविदाकर्ताओं ने प्रत्यक्ष एवं ऑनलाईन माध्यम से जुड़कर मेला के निविदा संबंधी बजट एवं प्रस्तुतीकरण को लेकर सार्थक चर्चा हुई। सम्मिलित निविदाकर्ताओं से आयोजन में शामिल मेला के केंद्रीय थीम के चुनाव को लेकर विभिन्न सुझाव लिए गए तथा इच्छुक निविदाकर्ताओं द्वारा तकनीकी एवं शर्तों से संबंधित बिंदुओं पर प्रश्न प्रस्तुत किए गए, जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा सभी प्रश्नों का स्पष्ट एवं संतोषजनक निराकरण किया गया। निविदाकर्ताओं ने नए मेला मैदान स्थल व नदी में निर्मित होने वाले संत समागम के तैयारियों को पूर्णतः अवगत कराया गया। जिसमें कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ एवं मेला नोडल अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया, एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, कार्यपालकन अभियंता एस. के. बर्मन, रामेश्वर सिंह, विप्लव घृतलहरे, सीएमओ राजिम मनीष गायकवाड़ सहित 11 निविदाकर्ता शामिल ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### पोटियाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 16 से

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम पोटियाडीह के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 16 से 24 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा रतलाम मप्र होंगे। परायणकर्ता पं. देवेंद्र त्रिपाठी मराठापारा धमतरी होंगे। 16 जनवरी को कलश स्थापना, वेदी पूजा गौकर्ण कथा, 17 जनवरी को कथा प्रारंभ, सुकदेव प्राकट्य, वराह कथा, 18 को कपिल एवं ध्रुव चरित्र, 19 को अजामिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, 20 को समुद्र मंथन, वामन अवतार राम व कृष्ण जन्म उत्सव, 21 को बाललीला, रासलीला गोवर्धन पूजा, 22 को कंस वध, रूक्मणि विवाह, 23 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, 24 जनवरी को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति के साथ सुबह 11 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

## निधन

### सुशीलाबाई साहू

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा निवासी सुशीलाबाई साहू उम्र 101 वर्ष का निधन 5 जनवरी को हो गया। वे



रोहित कुमार साहू और चूड़ामणी साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

डिप्टी सीएम साव, विधायक चंद्राकर करेंगे 17 करोड़ से अधिक के विकासकार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

# आज से नगर पालिका कुरुद का होगा विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नगर के हृदय स्थल केनाल रोड पर लगभग 1 करोड़ की लागत से बने स्वामी विवेकानंद मंगल भवन सहित स्वामी जी के प्रतिमा का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री अरुण साव, विधायक अजय चंद्राकर की उपस्थिति में नगर पालिका कुरूद का विधिवत शुभारंभ होगा। इसी परिसर में नगर के विभिन्न जगहों पर 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और 7 करोड़ से अधिक कार्यों का लोकार्पण कर विकास की सौग़ात देंगे।


अरुण साव


अजय चंद्राकर


रूपकुमारी चौधरी


ज्योति चंद्राकर

इस समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगरपालिका कुरूद अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर होंगे। गणमान्य नागरिकों में एल. पी. गोस्वामी, कृष्णकांत साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित नगरपालिका के समस्त पार्षद बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह महोत्सव सोमवार को सुबह 11 बजे केनाल रोड कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है।

### इन कार्यों का होगा लोकार्पण

वार्ड क्र. 15 केनाल रोड के पास स्वामी विवेकानंद मंगल भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य लागत राशि 100.32 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में बैटमिंटन कोर्ट लागत राशि 101.90 लाख। वार्ड क्र. 8 मिनीमाता व्यवसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स (ब्लाक 01, 02, 03) पुराना बस स्टैण्ड लागत राशि 205.71 लाख। वार्ड क्र. 15 लोकल नाले का रेनोवेशन एवं पिचिंग महानदी मेन केनाल से एनएच 30 तक लागत राशि 128.46 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट एनएच रोड काली माता मंदिर से कॉलेज रोड, केनाल रोड से चर्रा रोड (दोनों साईड) वार्ड क्र. 15,13,12 एवं 8 लागत राशि 124.77 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाईट स्थापना कार्य गांधी चौक से इनवेचर स्कूल वार्ड क्र. 06 एवं 04 लागत राशि 14.74 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाईट स्थापना एवं पूर्व स्थापित 50 नग पोल का रेनोवेशन कार्य, सांधा चौक से कारगिल चौक वार्ड क्र. 09 एवं 06 लागत राशि 14.74 लाख। खेल मैदान कुरूद में ऑक्टेंगल पोल हैलोजन लाइट स्थापना कार्य वार्ड क्र. 12 में लागत राशि 12.77 लाख शामिल है।

### इन कार्यों का शिलान्यास

वार्ड क्र. 01 मंडी रोड के पास नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण कार्य लागत राशि 168.30 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में (मल्टीपरपस) इंडोर स्पोर्टस हॉल निर्माण कार्य लागत राशि 416.80 लाख। बाईपास रोड जे.डी. कॉलोनी के सामने इंडोर स्टेडियम (रंगमंच एवं बाउण्ड्रीवाल) निर्माण कार्य लागत राशि 274.07 लाख। वार्ड क्र. 05/08 जलसन तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 62.29 लाख। वार्ड क्र. 05 मरही तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 53.96 लाख। वार्ड क्र. 15 में केनाल रोड से लेकर भारद्वाज ऑटो पार्टर्स तक मुख्य निकासी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 33.00 लाख। साहू समाज छात्रावास निर्माण कार्य लागत राशि 25.00 लाख। वार्ड क्र. 14 डिपो गार्डन में स्मार्ट लाईब्रेरी निर्माण कार्य लागत राशि 19.83 लाख आदि शामिल है।

# पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करें : प्रमोद

■ मड़ेली में आयोजित दिव्य रामकथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंवरी

जब पृथ्वी पर पाप का भार बढ़ जाता है, तब पापों का नाश करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसलिए पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करना चाहिए। सत्य अहिंसा एवं प्रेम के मार्ग पर चल कर मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए। यह बातें प्रमोद शास्त्री ने कही।

ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन किया गया था। आयोजन के अंतिम दिन प्रमोद शास्त्री ने कहा कि मनुष्य दया, क्षमा, सत्य, शील, विवेक, विचार,





गुरुभक्ति धारण कर अपना जीवन सुधार सकता है और कल्याण का भागी बन सकता है। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी ने भगवान से भक्ति का वरदान मांग था, क्योंकि स्थिर भक्ति से जीवन में सुख, समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि दूसरे के साथ कभी कपट नहीं करना चाहिए। रावण ने कपट कर सीताहरण किया तो रावण के परिवार का अंत हो गया। आयोजक श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरुद थी। मंच संचालन चम्पालाल साहू ने किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व सरपंच टकेश्वर कौशिक, संतराम साहू, इंद्रकुमार साहू, ठाकुरराम, भागवत यादव, लकेश्वर बैस, दयालु साहू, ताराचंद, विनोद साहू, नारायण साहू, नूरसिंग साहू, आत्माराम, जनक साहू, कीर्तन साहू, खोरबाहरा साहू, केजू साहू सहित ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

# झेरिया यादव समाज ने किया जवान मोनिश का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आमदी(धमतरी)

ग्राम पोटियाडीह निवासी मोनिश पिता दिनेश यादव के भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की सफलता पूर्वक ट्रेनिंग कर घर वापस लौटने पर झेरिया यादव समाज ब्लाक धमतरी द्वारा उनक भव्य स्वागत किया गया। यादव समाज धमतरी ब्लाक के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, लगन और तपस्या का फल है। जिसके कारण उन्हें अपनी मंजिल हासिल हुई है और ये हमारे गांव, समाज व जिले के लिए गर्व की बात है। मौके पर भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, शांतिलाल यादव प्रदेश



संगठन मंत्री, केदार यादव सचिव, लक्ष्मीनारायण यादव मंडल सोरम अध्यक्ष, यदुराम यादव, मानक यादव पोटियाडीह ग्राम अध्यक्ष, संजय यादव, मन्नू यादव, छन्नू यादव, गोलू यादव, अजय यादव, जगदीश यादव, अविनाश यादव, ओंकार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सुदामा की कृष्ण भक्ति निःस्वार्थ प्रेम का प्रमाण : कृष्णा

■ अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

ग्राम अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन रूक्मणि विवाह एवं सुदामा चरित्र कथा की सुनाई गई। रूक्मणि विवाह में पारंपरिक, लोकगीत संस्कृति की संगीत में प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गया।

प्रवचनकर्ता पं. कृष्णा मिश्रा ने सुदामा चरित्र में कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण में सुदामा और भगवान कृष्ण की भक्ति महत्वपूर्ण



है। भक्त हो तो सुदामा की तरह। गरीबी, लाचारी में भी सुदामा ने भगवान कृष्ण की भक्ति को नहीं छोड़ा। भगवान कृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा, भक्ति भाव समर्पण, निःस्वार्थ प्रेम के कारण भगवान का साक्षात दर्शन पाकर उच्च स्थान प्राप्त किया। सुदामा की कृष्ण भक्ति समाज के



लिए प्रेरणादायक है। 12 जनवरी सोमवार को अंतिम दिवस श्रीमद् भागवत गीता, तुलसी विवाह, हवन, यज्ञ पश्चात विसर्जन किया जाएगा।

# यशवंतराव मेघावाले कालेज में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के दिशानिर्देश एवं सुश्री निरूपा साहू के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सावित्री बाई फुले की जीवन गाथा, उनके संघर्ष और 19वीं शताब्दी में स्त्रियों की दशाओं को लेकर उनके उद्धार के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जानकार दी।

सहायक प्राध्यापक डॉ यशोदा साहू ने वर्तमान भारत में स्त्रियों की शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति



को सावित्री बाई फुले का योगदान बताया एवं समाज में मौजूदा कुरीतियों बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह, मुंडन प्रथा, स्त्रियों की शिक्षा के लिए विपरीत परिस्थितियों में किए गए प्रयासों से परिचित कराया। डॉ रमा चंद्राकर ने शिक्षा और वर्तमान भारत में स्त्रियों की दशाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी निरूपा साहू सहायक प्रध्यापक भौतिकी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, डॉ रमा चंद्राकर, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, डॉ सुशीला साहू, सुषमा, वर्षा यादव, नीरज कुमार, डॉ विनोद कुमार, दानेश्वर कुमार समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। मंच का संचालन अनीता साहू एवं आभार प्रदर्शन निरूपा साहू द्वारा किया गया।

# सनातन एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

■ नगरी में हुआ विश्व हिंदू सम्मेलन

सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से विश्व हिन्दू सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को राजाबाड़ा नगरी में किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि कोटेश्वरधाम के सत्यनारायण, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख, विशिष्ट अतिथि निशा साहू व्याख्याता, मुरली श्रृंगी ऋषि आश्रम, सरभंग ऋषि आश्रम, गौतम ऋषि आश्रम आदि के संतजन थे।

व्याख्याता निशा साहू ने पंच परिवर्तन पर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का बोध व नागरिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक का त्याग, जल संरक्षण, पौधरोपण, स्वदेशी वस्तुओं को



अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। हरिओम शर्मा ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष की प्रेरक यात्रा, उसके उद्देश्यों एवं भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक और संगठित रहने का आह्वान किया। सत्यनारायण बाबा ने हिन्दुत्व विषय पर संगठित हिन्दू समाज व महानदी प्रकाट्य पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संचालक गोकुल राम देवांगन, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, मुरली बाबा श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा, नगरी खंड कार्यवाहक मोतीलाल, सहकार्यवाह रेखराज साहू, खंड संपर्क महेंद्र नेताम, सामाजिक समरसता प्रमुख पीआर साहू, दिनेश्वरी नेताम सहित नगरी व फरसियां के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजन में आरएल देव, मोहन नाहटा, नंद यादव, तुलसी साहू, परमेश्वर सोनबेर, प्रकाश बैस, उमाशंकर नागवंशी, सुरेंद्र सिंहसार, दीनदयाल यादव, निखिल साहू, संत कोठारी, शकुन कश्यप, सुलोचना सिन्हा, उमाशंकर ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# अंतरजातीय विवाह प्रकरण का किया गया निपटारा



■ परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की बैठक साहू भवन में हुई जिसमें अठारह गांवों के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज की रीति-नीति से अवगत कराते हुए सक्रियता से भाग लेने का अनुरोध किया। इस दौरान अंतरजातीय विवाह प्रकरण का निपटारा किया गया। विवेचना में पन्नालाल साहू, निर्मल साहू, मेवालाल साहू, चिरौंजी लाल ने सहभागिता प्रदान की।

बैठक में तरुण कुमार साहू, पन्नालाल साहू, कामता प्रसाद साहू, निर्मल साहू, पूर्णिमा बनपेला दवारिका साहू, कोमल, चुनुलाल, दानीराम, खिलेंद्र साहू, परसराम, मिलन, छेदनलाल, सावित्री समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल साहू ने किया। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी।

# छग रजत जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

रजत जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल नगरी परिसर में पुलिस अनुभाग नगरी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस जवानों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी, बीएमओ डॉ. अरूण नेताम, डॉ. देवकी नंदन सोम, डॉ सोम, थाना प्रभारी चक्रधर बाघ सहित धमतरी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी विपिन रंगारी एवं बीएमओ डॉ. अरूण नेताम ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त कम नहीं होता है। शरीर में नए सेल का विकास होता है जिससे जरूरत मंद





मरीजों के जीवन की रक्षा की जा सकती है। विभाग द्वारा रक्तदान व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नगरी मंडल में श्रद्धा एवं गौरव के साथ मना सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

कर्णेश्वर मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक संघर्ष के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी देशवासियों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर भारत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इस पर्व को मनाकर सभी कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, कमल डागा, मोहन पुजारी, अकबर कश्यप, सरपंच नागेंद्र बोरछा, नर्सिंग मरकाम, नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री सुलोचना साहू, प्रतिमा देवांगन, प्रीति यदु, पार्षद अश्विनी निषाद, शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, पूर्व सरपंच सती मरकाम, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, राजेश नाथ गोसाई, बालू सेन, बबलू गुप्ता, हुमित लिमजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छग झेरिया यादव समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंवरी

छग झेरिया यादव समाज जिला धमतरी की बैठक ग्राम तरसींवा में हुई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अधिवेशन का आयोजन धमतरी ब्लॉक के सोरम मंडल के ग्राम सोरम में किया जाएगा। अधिवेशन को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुटता, सामाजिक विकास और युवाओं की भागीदारी पर



विशेष जोर दिया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, प्रदेश संगठन मंत्री शांतिलाल यादव, जिलाध्यक्ष रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, जिला न्याय प्रकोष्ठ रामकृष्णा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, संतोष यादव नगरी, केदार यादव, भगवती यादव, सरोज यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, गोवर्धन यादव भखारा, मीडिया प्रभारी लेखराम यादव, मोहन यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### फिंगेश्वर पीडीएस में चावल उत्सव मनाया गया

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के शासकीय उचित मुल्य की दुकान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत फिगेश्वर के अध्यक्ष धनराज सुर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, स्थानीय पार्षद चांदनी कमलेश कश्यप, निगरानी समिति के सदस्य नत्थु कश्यप, हरिशंकर श्रीवास्तव, मालती कश्यप, सहायक खाद्य अधिकारी सोनाली ठाकुर, सहकारिता विस्तार अधिकारी एमआर गड़तिया, समिति प्रभारी मनोज साहू, विक्रेता वेनकुमार साहू एवं नगर के गणमान्य नागरिकों, राशनकार्ड धारी हितग्राहीयों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजन स्थल पर शासकिय उचित मुल्य दुकान से संलग्न कार्डधारियों को जानकारी दी गई, कि राशनकार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य जिनके आयु 05 वर्ष से अधिक है उनका केवाईसी कराया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही फोर्टिफाइड चांवल के संबध में जानकारी दी गई।

### विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम से बदलेंगी गांवों की तस्वीर और तकदीर: गोयल

**नवापारा-राजिम।** भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल को विकसित भारत जी-राम-जी जनजागरण अभियान के समन्वय हेतु बने जिला स्तरीय टोली में सह संयोजक बनाया गया हैं। जिस पर



गोयल ने पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के प्रति आभार जताते हुए इस अभियान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है। जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री गोयल ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## पेज 9 के शेष...

### अर्धनारीश्वर ...

प्रति जागरूक लोगो ने भाग लिया। सभी ने इस चिकित्सा पद्धति की सराहना की और इसे जनकल्याणकारी बताया। रविवार को डॉक्टर राजेन्द्र गदिया, डॉक्टर रमाकांत शर्मा, राजू काबरा, संतोष अग्रवाल, तारिणी शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। अतिथियों का तिलक वंदन कर शाल श्री फल से सम्मनित किया गया।

### राजिम कुंभ कल्प

हुए। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सभी निविदाकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले प्रस्तुतीकरण के पश्चात ही समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा। समिति के निर्णय के अनुरूप ही आगे की निविदा प्रक्रिया संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोजन की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**आयोजन :** नेशन्स प्राइड स्कूल में सजी आनंद मेला की बाजार

# व्यापार विनिमय की कला विकसित करता है आनंद मेला : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

नगर के प्रतिष्ठित नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में 'आनंद मेला' का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से स्कूली बच्चों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि व्यापार, विनिमय और स्वावलंबन की व्यावहारिक शिक्षा भी प्राप्त की।

■ बचपन की यादें हुईं ताजा, अंगाकर रोटी और सीलपट्टा चटनी का स्वाद

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा और मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि केआर सिन्हा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला बच्चों में व्यापार विनिमय की कला विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्टॉलों का लुत्फ उठाते हुए कहा कि यहां मौजूद गुलगुला भजिया, गुजिया, पीढ़िया, अंगाकर रोटी और सीलपट्टा चटनी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ने बचपन की यादें ताजा कर दीं। उन्होंने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के संदेशों को आत्मसात करने और भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।





### व्यापार और व्यवसाय की समझ विकसित करना ही उद्देश्य

स्कूल के संचालक ललित साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष निषाद ने आनंद मेला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन, संस्कार और सृजनात्मक क्षमता के साथ-साथ व्यावसायिक समझ विकसित होती है। नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न स्टॉल लगाए। मेले में गाजर का हलवा, गुपचुप, भेल, मंचूरियन, समोसा, फ्रूट चाट, चाइनीस पकोड़ा और नड्डा रोल जैसे व्यंजनों का बच्चों ने स्वयं क्रय-विक्रय किया। इससे उन्हें गणितीय गणनाओं और ग्राहकों से व्यवहार करने का व्यावहारिक अनुभव मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राम बाई सिन्हा, गंगा ओगरे, यामिनी सिन्हा, कमलेश चक्रधारी और शीतल ध्रुव उपस्थित रहे। इसके साथ ही संकुल समन्वयक रामलाल टांडे, शंकर लाल यदु, संतराम कंवर, स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा, देवनारायण यदु सहित बड़ी संख्या में पालकगण और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। विद्यालय के शिक्षक कृष्णेश, युनिस भारद्वाज, अंकित, अर्चना, शारदा, खिलेश्वरी, मंजूलता, जया यादव, चित्रांजली, हसी साहू और समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां मोदी सरकार के विरूद्ध जनता को भड़काने का प्रयास कर रही : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानि जी-राम-जी योजना को लेकर कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों द्वारा किए जा रहे विरोध पर निशाना साधते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि विरोध करने वाले कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां ये कह रही हैं कि मोदी सरकार ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) को इसलिए बंद कर दिया क्योंकि उसमें महात्मा गांधी का नाम शामिल है और भाजपा व मोदी सरकार को महात्मा गांधी और उनके नाम से नफरत है । ऐसा निम्नस्तरीय आरोप लगाकर ये पार्टियां देश की जनता को भाजपा व मोदी सरकार के विरुद्ध भड़काने का प्रयास कर रही हैं । जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके मनरेगा के स्थान लाए जा रहे विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के संक्षिप्त रूप यानि जी-राम-जी में राम शब्द आ जाने से कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को दिक्कत हो रही है क्योंकि इन पार्टियों को भगवान राम और उनके नाम तक से नफरत है । कांग्रेस तो सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार चुकी है । इसी प्रकार विपक्षी पार्टियों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने से आज तक दिक्कत है। इसके अलावा जी-राम-जी योजना को स्वीकार करने से इन पार्टियों को अपने विशेष वोट बैंक के नाराज होने का भय बना हुआ है। श्री



साहू ने कहा कि विरोध करने के चक्कर में ये पार्टियां अपनी सुध-बुध खो चुकी हैं, जिसके चलते ये पार्टियां कह रही हैं कि मनरेगा बंद कर, जी-राम-जी योजना लाकर मोदी सरकार ने लोगों का रोजगार छीन लिया है । जबकि हकीकत यह है कि मनरेगा में लोगों को साल में 100 दिन रोजगार मिलता था, जबकि जी-राम-जी योजना में साल में 125 दिन रोजगार मिलेगा । यानि लोगों को 25 दिन ज्यादा काम यानि रोजगार मिलेगा और उतना ही अधिक भुगतान मिलेगा, जिसका सीधा मतलब है कि लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी । हकीकत में यही बात कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को चुभ रही है क्योंकि ये पार्टियां लोगों को गरीब बनाकर ही रखना चाहती हैं, जिससे उनकी गरीबी का फायदा उठाकर, पैसे का प्रलोभन देकर अपने पक्ष में नारे लगाने और मतदान करने पर मजबूर कर सकें।

# सरपंच ने सांसद रूपकुमारी चौधरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर के जयंती नगर में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा आगामी 14 फरवरी को पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न होगी। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी को सादर आमंत्रित किया गया है। शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने के लिए अभिमन्यु ध्रुव के नेतृत्व में मैनपुर सरपंच हनित नायक, उपसरपंच अनीश सोलंकी एवं पंचायत प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद के निजी निवास बसना पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की जनता की ओर से श्रद्धा और सम्मान के



साथ सांसद को आमंत्रण पत्र सौंपा। नवनिर्मित मंदिर को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह है। 14 फरवरी को आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। सांसद ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में सरपंच हनित नायक और उपसरपंच अनीश सोलंकी के साथ घनश्याम यादव, यादवराम साहू, शेखर ध्रुव, हिरेश्वर वैष्णव, देवकी बाई ध्रुव, बिंदा यादव एवं पुष्पा कश्यप सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिक्षक खोमन कुण्डेल को दिल्ली में हिंदी साहित्य सम्मान से नवाजा गया

**छुईहा बेलर।** शिक्षा और हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गरियाबंद जिले के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं साहित्यसेवी प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द खोमन सिन्हा कुण्डेल को सत्यदीप फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित एसएसआईएफ हिंदी साहित्य सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रचार-प्रसार, सतत रचनात्मक लेखन तथा शैक्षिक




नवाचारों में सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका के लिए प्रदान किया गया। वह लंबे समय से शिक्षण कार्य के साथ-साथ साहित्य सृजन, सामाजिक चेतना के प्रसार और भाषा-संवर्धन के प्रयासों में निरंतर संलग्न रहे हैं। उनकी रचनाएँ विद्यार्थियों, शिक्षकों और साहित्यप्रेमियों के बीच समान रूप से सराही जाती रही हैं तथा नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। इस प्रतिष्ठित सम्मान की घोषणा से गरियाबंद जिले सहित पूरे प्रदेश के शैक्षिक एवं साहित्यिक जगत में हर्ष का वातावरण है। सम्मान प्राप्ति पर शिक्षाविदों, साहित्यकारों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

# विधायक अजय चंद्राकर के हाथों हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी में 75 लाख रूपए के लागत से 6 बिस्तर वाले नवनिर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक अजय चंद्राकर ने लोकार्पण किया। श्री चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि सभी कार्य धीरे- धीरे पूरा होगा। इस अस्पताल के बनने से भेण्डरी सहित आसपास के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगा। बताया कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र के सभी बड़े गांव में बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सभी प्रकार की सुविधा पूर्ण हो चुका है। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना डेमू साहू, सभापति राजेश साहू, होरीलाल साहू, भाजपा मेघा मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम साहू, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, कोमल सिन्हा, प्राधिकृत अधिकारी हेमंत साहू, छबि साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष डोशन सिन्हा, डॉ. चुम्मन साहू, टीकू साहू, प्रहलाद धुव, कृपा राम ध्रुव, शिव साहू, भगवान दास साहू, रोहित पटेल, रामेश्वरी यादव, शारदा ठाकुर, डॉ. प्रदीप साहू, डॉ. गिरधर देशलहरें, यूं एल ठाकुर, आदित्य सिन्हा, प्रिया कंवर, तरूण साहू, मनोज पटेल मौजूद थे।

# हिन्दू सम्मेलन में हुआ सर्वसमाज प्रमुखों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

संघ शताब्दी वर्ष में सर्व हिन्दू समाज दुलना मंडल द्वारा ग्राम छांटा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता संतोष शंख जी बौद्धिक प्रमुख जिला रायपुर ग्रामीण, मुख्य अतिथि अमित दुबे पारागांव एवं सीमा साहू बजरंगपुर, विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के वंदना के साथ हुआ। हिन्दू सम्मेलन में बाल पंडवानी गायिका कुमारी आराध्या साहू बकली कुरूद की विशेष प्रस्तुति ने जन समाज को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता संतोष शंख जी ने पंच परिवर्तन एवं हिन्दू समाज को जातिगत भेदभाव को छोड़कर





संगठित होकर सकारात्मक पहल करने की बात कही। मुख्य अतिथि अमित दुबे ने हिन्दू समाज के संघर्ष और पूर्व में हुए अत्याचारों की ओर इशारा करते हुए असंवैधानिक हो रहे धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए सभी से जागरूकता की अपील किया। विशेष अतिथि सीमा साहू ने आज के परिवेश में समाज और परिवार में हो रहे बिखराव एवं मातृशक्ति को संस्कारवान परिवार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजक सर्व हिन्दू समाज दुलना मंडल द्वारा मंडल क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों में सभी समाज के प्रतिनिधियों, बीएलओ, मितानिन, महिला कमांडो एवं धार्मिक आयोजन समितियों को सम्मानित किया। इस आयोजन से सभी गांवों एवं सभी समाज से बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति हुए। भारत माता की आरती, प्रसादी वितरण के पश्चात रोहित साहू द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप कुंवरदादा ने किया। इस कार्यक्रम के लिए पारसमणी साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, दीपक साहू, जिनेन्द्र, महेंद्र, भूपेंद्र, ओमप्रकाश, पूरन एवं सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।



खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने दिल्ली तक पहुंचाई कर्मचारियों की मांग



**राजिम।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन एवं सदस्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी व अपने संगठन व कर्मचारियों की मांग उन तक पहुंचाई। दिल्ली प्रवास के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मिलकर कर्मचारियों एवं शिक्षकों की मांगो को प्रमुखता से रखा एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर नववर्ष की शुभकामना दी। इस अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे भी उपस्थित थे। मुख्य मांगो में प्रथम नियुक्ति से पेंशन की मांग, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने एवं कर्मचारी हितों में अन्य मांगो को रखा गया।

## प्राथमिक शाला भटगांव में किया गया न्योता भोज

**अभनपुर।** प्राथमिक शाला भटगांव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय कुर्रे द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने श्री कुर्रे को जन्मदिवस की बधाई दी तथा विद्यालय एवं बच्चों के हित में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कामेश्वरी गुलाब साहू,प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा साहू सहित शिक्षकगण श्रीमती संध्या शर्मा, हिमेश्वरी साहू, तेजबाई साहू, अन्नपूर्णा साहू, अश्वनी ध्रुव, पुरनलाल साहू, सुषमा साहू, रंजना कुर्रे, गजानंद साहू, रवि वर्मा, दिनेश धीवर, जगमत मंडावी, कमला ध्रुव, पार्वती साहू एवं सावित्री साहू एवं रसोइया मीना कोसरिया, कविता चेलक, रेखा यादव एवं सौहद्रा साहू का विशेष सहयोग रहा।

## भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का किया वर्णन

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को कथावाचक पं. हेमप्रकाश शर्मा उखरा वाले ने भगवान कृष्ण की बाललीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। जिसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वंध का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण ने यही लीला की।

निधन

## भीकेश्वर साहू

**छुईहा बेलर।** भीकेश्वर साहू परसदाकला का निधन शनिवार को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे कृषक सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नारद साहू के भतिजा थे।

## महोत्सव : बोड़की शाकंभरी जयंती महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

# परिश्रमी है मरार समाज : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा (बेलर)

ग्राम बोड़की में रविवार को तहसील स्तरीय मां शाकंभरी जयंती महोत्सव पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। मरार पटेल समाज ने विधायक का स्वागत अपनी परंपरा के अनुसार ताजी हरी-भरी सब्जियों की माला पहनाकर किया, जो समाज की कृषि आधारित संस्कृति की अनुपम झलक पेश कर रहा था। विधायक रोहित साहू ने समाज की कर्मठता की सराहना करते हुए कहा की मरार पटेल समाज एक अत्यंत परिश्रमी किसान समाज है, जो अपनी भुजाओं के दम पर बंजर भूमि को भी उपजाऊ बनाने का हुनर रखता है। आज हर घर को शुद्ध और ताजी हरी सब्जियां मिलने का श्रेय इसी समाज को जाता है। माँ शाकंभरी कृषि और समृद्धि की प्रतीक हैं। विधायक ने इस अवसर पर समाज की मांग को स्वीकार करते हुए बोड़की में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

- विधायक ने समाजिक भवन के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की



### शिक्षा को दी प्राथमिकता

मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज की पहली प्राथमिकता शिक्षा होनी चाहिए। गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित कर ही समाज को मुख्यधारा में मजबूती से खड़ा किया जा सकता है। वहीं जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत माहाडिक ने समाज के सांस्कृतिक और धार्मिक जुड़ाव को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल सहित समाज के दिग्गज पदाधिकारी सोमनाथ पटेल, नंदकुमार पटेल, और विष्णु पटेल उपस्थित रहे। स्थानीय सरपंच नेतराम सिन्हा और जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन विनोद पटेल ने किया। कार्यक्रम का समापन मां शाकंभरी की भव्य आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और समाज की एकता व विकास के संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान विधायक रोहित साहू, इंद्रजीत माहाडिक, इंद्राणी साहू, सुनील पटेल, तेजराम पटेल, फिरंगी पटेल, नंदकुमार पटेल, नेतराम सिन्हा, प्रेमिन ध्रुव, भोजराम साहू, होरी लाल साहू उपस्थित थे।



### सरकारी योजनाओं का गिनाया लाभ

विधायक साहू ने मोदी और साय सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाओं को संबल मिल रहा है। उन्होंने 3100 रुपये की दर से धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपये सालाना सहायता और तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए 5500 रुपये प्रति मानक बोरा जैसे ऐतिहासिक निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# अनाथ बहनों का संघर्ष, न ही सिर पर छत, न हाथ में आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी के कमार पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति के अनाथ बच्चों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की तीन सगी बहनें माता-पिता के निधन के बाद अभावों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं और उन्हें प्रशासनिक सहायता की सख्त आवश्यकता है।जानकारी के अनुसार, तीनों बहनों में सबसे बड़ी गीता (उम्र लगभग 13 वर्ष) पढ़ाई की उम्र में आजीविका की तलाश में रायपुर में काम करने को मजबूर है। वहीं दूसरी बहन कुमारी मधु (लगभग 10 वर्ष) और सबसे छोटी कुमारी रीधी (लगभग 7 वर्ष) गांव के स्कूल में पढ़ाई करने के साथ-साथ घरेलू व अन्य छोटे-मोटे काम कर अपना जीवन चला रही हैं। दुर्भाग्यवश, दोनों छोटी बहनों का अब तक आधार कार्ड भी नहीं बन पाया है, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। तीनों बहनों के माता-पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है और परिवार में कोई स्थायी सहारा नहीं बचा है। वर्तमान में ये बालिकाएं किसी तरह अपना और एक-दूसरे का सहारा बनकर जीवन यापन कर रही हैं।



हालांकि कुछ समाजसेवी आगे आकर उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यह सहायता स्थायी नहीं है और सरकारी संरक्षण के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा। इसी ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी में विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति से ताल्लुक रखने वाले बिसनाथ भुंजिया की स्थिति भी कम दयनीय नहीं है। बचपन में ही माता-पिता के निधन के बाद वे अनाथ हो गए थे। कुछ समय तक परिजनों ने उनका पालन-पोषण किया, लेकिन वर्तमान में वे मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बिसनाथ भुंजिया भी प्रशासनिक सहायता और सरकारी योजनाओं के लाभ की आस लगाए हुए हैं। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते इन विशेष पिछड़ी जनजाति के अनाथ बच्चों और युवाओं पर ध्यान दे, तो उन्हें शिक्षा, आवास, राशन, आधार कार्ड, छात्रवृत्ति और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। इससे न केवल उनका वर्तमान सुधरेगा, बल्कि भविष्य भी सुरक्षित हो सकेगा।




## राजिम में चावल उत्सव मनाया गया

**राजिम।** राजीव लोचन महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में पालिका अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, पार्षद तुषार कदम, उत्तम निषाद, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पुष्पा ठाकुर, प्राथमिकता कार्डधारी, अंत्योदय कार्डधारी, निराश्रित कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी, निगरानी समिति के सदस्य मौजूद थे। सभी हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती चांवल उत्सव के अवसर पर माह जनवरी का चावल-शक्कर-नमक वितरण के साथ हितग्राहियों का केवायसी किया गया।

# विप्रकुल महिला मंडल का गठन एकता व संगठन की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रविवार को विप्रकुल महिला मंडल द्वारा सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और रचनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से महिला मंडल का भव्य गठन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम पूर्ण अनुशासन एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका निर्णायक होती है। संगठित महिला शक्ति न केवल समाज को जोड़ने का कार्य करती है, बल्कि सामाजिक चेतना, संस्कार और रचनात्मक सोच को भी मजबूती प्रदान करती है। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में बांधने, अलग-अलग संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा निरंतर संगठनात्मक, सांस्कृतिक और



सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष बल दिया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने एकमत होकर समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने, महिलाओं को संगठित करने, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा शिक्षा, संस्कार और सेवा भाव से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने इसे समाज के लिए एक ऐतिहासिक और दूरगामी पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर महिला मंडल को समाज की एकता और संगठन की रीढ़ बताते हुए सभी सदस्यों ने समर्पण, सहयोग और सतत कार्य के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का प्रण लिया। समाजजनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे आने वाले समय में सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम एवं भगवान श्री राजीव लोचन तथा मां संतोषी की पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विप्र बहनों द्वारा नव वर्ष की बधाई देते हुए हनुमान चालीसा पाठ की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक बहनों ने संगठन को अधिक मजबूत बनाने एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए सर्वसम्मति से विप्रकुल महिला मंडल संरक्षक रमा शर्मा, सविता शर्मा, विद्या तिवारी, रेखा शुक्ला , शकुन्तला शर्मा अध्यक्ष- रेखा तिवारी , उपाध्यक्ष पूनम दीवान , कोषाध्यक्ष पुष्पाजंली शर्मा, नंदनी शर्मा सचिव सुभाषिनी शर्मा, सहसचिव संगीता शर्मा मीडिया प्रभारी- भावना शर्मा , स्वाति शुक्ला, सुषमा शर्मा कार्यक्रम प्रभारी - कुमुद पुरानिक , रानी मिश्रा, कल्याणी शर्मा, स्मिता शर्मा, कुशाली शर्मा, मुक्ति शर्मा बनाए गए। निर्वाचित समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को सुहाग श्रृंगार भेट कर सम्मानित किया गया।

# वार्ड 7 में पार्षद बलराम ने बांटे डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पालिका राजिम के वार्ड क्रमांक 7 के युवा एवं सक्रिय पार्षद बलराम यादव द्वारा अपने वार्ड के निवासियों को गीला एवं सूखा कचरा पृथक रखने के लिए डस्टबिन वितरित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए वार्डवासियों से अपील की कि डस्टबिन में गीला कचरा तथा सूखा कचरा डालें और कचरे को इधर-उधर या नालियों में न फेंकें। डस्टबिन वितरण की शुरूआत उन्होंने वार्ड के सामाजिक नेता लाला साहू को सर्वप्रथम डस्टबिन भेंट कर की। साथ ही उन्हें



बूंदी लड्डू का पैकेट एवं भगवान श्री राजीव लौचन का प्रसाद पीड़िया भी भेंट किया। इसके पश्चात वार्ड के मुकेश अवसरिया, बाबा सोनी, बल्लू पटेल, तेजराम साहू, कुंजू बंजारी एवं लोकेश साहू सहित अन्य नागरिकों को भी डस्टबिन के साथ-साथ नगर पंचायत से नगर पालिका बनने की खुशी में बूंदी लड्डू एवं भगवान श्री राजीव लोचन का प्रसाद वितरित किया गया। पार्षद बलराम यादव ने घर-घर जाकर लोगों से अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, कचरे को डस्टबिन में ही डालने तथा नगर पालिका राजिम को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उनकी इस सराहनीय पहल की वार्डवासियों ने खुले दिल से प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि पार्षद बलराम यादव हमेशा अपने वार्ड में सक्रिय रहते हैं और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत रहते हैं। नगर पालिका राजिम को स्वच्छ बनाने की दिशा में यह कदम निश्चित ही प्रेरणादायक और अनुकरणीय माना जा रहा है। वार्डवासियों ने विश्वास जताया कि ऐसे प्रयासों से राजिम नगर स्वच्छता में नई मिसाल कायम करेगा।

## छुरा की आदिवासी महिला खिलाड़ियों ने बिखेरा खेल का जादू

**छुरा।** शटल उत्सव बैडमिंटन प्रतियोगिता दो दिवसीय खेल का गरियाबंद बैडमिंटन कोर्ट में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिरमौर थे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, समाजसेवी शीतल ध्रुव कोच के नेतृत्व में महिला टीम शटल उत्सव बैडमिंटन प्रतियोगिता में छुरा वनांचल क्षेत्र के आदिवासी महिला ,युवा खिलाड़ी बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में कड़ी संघर्ष महिला एवं पुरुष के बीच रहा जिसमें छुरा की महिला खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और खिलाड़ियों एवं दर्शकों का मोह लिया हौसला उपजाई किया, शटल उत्सव बैडमिंटन प्रतियोगिता में नगर से देवश्री ध्रुव, यंतिका नेताम, सुजाता मंडलोई, जिज्ञासा, पूजा प्रीति नेताम, रविनेताम, लुकेश्वर सोरी,चंद्रभूषण निषाद, कोमल साहू, राजेश मांडले, किरण खलखो, चैतन्य, आदर्श, प्रिंस, संकेत, अरमान, असीर, खिलाड़ी सम्मिलित हुए।



# द क्यूरियस फेस्टिविटी में दिखा नन्हे वैज्ञानिकों का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल पटेवा में द क्यूरियस फेस्टिविटी के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित मॉडल, हिंदी व्याकरण से संबंधित मॉडल, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रदूषण, संचार माध्यम, पवन ऊर्जा और तकनीकी और आर्ट्स जैसे विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल और पेंटिंग प्रस्तुत की। बताया गया है कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि अशोक गोलक्षा,अध्यक्ष पार्श्व एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा किया गया। उन्होंने




विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे नवाचार करते रहने के लिए प्रेरित किया। सृजन से संस्कार में, संत तुलसीदास पर बनाए हुए मॉडल ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। वही कबाड़ से जुगाड़ के मॉडल को खूब सराहा गया.अभिभावकों ने भी प्रदर्शनी में आकर बच्चों के प्रोजेक्ट देखे और उनके कार्यों एवं मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों की प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही। विद्यालय की प्रधानाचार्य पल्लवी मारार ने कहा कि विद्यालय में आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी को देखकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके द्वारा बनाए गए मॉडल न केवल ज्ञानवर्धक हैं, बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी संदेश देते हैं।

इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में नवाचार, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ावा देती हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार नई ऊँचाइयाँ छूते रहेंगे।

# बच्चों को मोबाईल से दूर रखें : शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आनंद मेला आयोजित किया गया। प्राचार्य एनसी साहू, नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु, शिक्षक एवं योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा, एसएमसी अध्यक्ष सृष्टि चंद्राकर, कलेक्टोरेट गरियाबंद अधीक्षक सुदामा ठाकुर, सोमेश्वर ठाकुर बतौर अतिथि विराजमान थे। अतिथियों एवं संचालिका अनीता चंद्राकर द्वारा श्री गणेश जी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। विद्यालय के संस्थापक स्व. दीपक चंद्राकर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल द्वारा अतिथि सत्कार किया गया। भाव



नृत्य के साथ भी अभिनंदन किया गया। प्राचार्य एनसी साहू ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हर विद्यालय की प्राथमिकता होती है। नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु ने कहा कि बच्चों में मोबाइल के प्रति जागरूकता लाना बेहद जरूरी है। बच्चे अपनी नैसर्गिक प्रकृति से दूर होकर मोबाइल तक ही सिमट गए हैं। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि युवाओं को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। धर्म, संस्कृति, सेवा के पथ पर चलकर भारत को विश्व पटेल पर स्थापित करना होगा। बच्चों में व्यापार- विनिमय की कला को विकसित करने के लिए आयोजित आनंद मेला के लिए विद्यालय की प्रशंसा किए। सृष्टि चंद्राकर, सुदामा ठाकुर, सोमेश्वर ठाकुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों द्वारा स्टाल लगाकर ढोकला, चाइनीज पकोड़ा, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, खीर, खस्ता, चॉकलेट सैंडविच, डोनट्स, गुलगुला भजिया, मैगी, ब्रेड पकोड़ा, पास्ता, पुड़ी आलू, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, चाट, गुपचुप आदि खाद्य सामग्री बिक्री किया गया। दर्शकों ने लजीज व्यंजनों का ख़ूब लुत्फ उठाया। व्यंजन प्रतियोगिता में मेघा नेताम एवं संस्कार नेताम प्रथम, नीलम चंद्राकर, अथर्व चंद्राकर, पूरब द्वितीय, डोमेश दिव्य, हर्षिता बंजारे तृतीय स्थान प्राप्त किए। संचालन शिक्षिका रिया चंद्राकर ने किया। आभार प्रदर्शन संचालिका अनीता चंद्राकर ने किया। आयोजन में शिक्षक पुष्पेंद्र नागवंशी, अंजू कौशिक, झरना साहू, टिकेश्वरी ध्रुव, पुर्णिमा दिव्य, गायत्री कुर्रे, आरती पटेल, रूपेश्वरी सिन्हा, किरण ठाकुर, केशरी ठाकुर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




